


**भज्जी को छोड़ दिया पीछे**

आफ स्पिनर हरभजन सिंह ने 103 टेस्ट मैचों में 417 विकेट चटकाए थे, जबकि 80वें टेस्ट मैच में ही आर अश्विन ने इस उपलब्धि को हासिल कर लिया है। इसी मैच में आर अश्विन ने पाकिस्तान टीम के दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा था, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 414 विकेट चटकाए थे। आर अश्विन ने 30 बार एक पारी में पांच विकेट और 7 बार एक मैच में 10 विकेट अपने नाम किए हैं।

## टेस्ट क्रिकेट में आर अश्विन ने बनाया ये खास रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आर अश्विन ने जैसे ही न्यूजीलैंड के ओपनर टाम लाथम को क्लीन बोल्ड किया, वैसे ही वे भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले आफ स्पिनर बन गए। इस मामले में उन्होंने हरभजन सिंह को पीछे छोड़ा है। आर अश्विन के नाम अब टेस्ट क्रिकेट में 418 विकेट दर्ज हो गए हैं और वे भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने के मामले में शीर्ष पर लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं, जबकि दूसरे नंबर पर महान आलराउंडर कपिल देव का नाम है। अनिल कुंबले ने जहां टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट अपने नाम किए हैं, जबकि कपिल देव ने 434 टेस्ट विकेट दर्ज किए हैं। वहीं, अब इस लिस्ट में 418 विकेटों के साथ तीसरे नंबर पर आर अश्विन आ गए हैं। वहीं, हरभजन सिंह अब चौथे पायदान पर खिसक गए हैं। आर अश्विन ने अब तक खेले 79 टेस्ट मैचों की 148 पारियों में 413 विकेट चटकाए थे। अश्विन महज 2.81 रन प्रति ओवर खर्च करते हैं और 24.56 की औसत से गेंदबाजी करते हैं।

# अश्विन-जडेजा की मेहनत पर रचिन रविंद्र ने फेरा पानी

**क्रिकेट**

## भारत बनाम न्यूजीलैंड कानपुर टेस्ट मैच हुआ ड्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। रविचंद्रन अश्विन (35/3) और रविंद्र जडेजा (40/4) की कातिलाना बोलिंग के दम पर एक वक्त भारत कानपुर टेस्ट को जीतने के बेहद करीब था, लेकिन भारतीय मूल के अचिन रविंद्र (91 गेंद, नाबाद 18 रन) ने खूंटा गाड़ते हुए मैच ड्रॉ करा दिया। उनके साथ एजाज (2 नाबाद) ने 23 गेंदें खेलीं और भारत के जबड़े से जीत छीनने में अहम भूमिका निभाई। वर्ल्ड चैंपियन न्यूजीलैंड को 284 रनों का लक्ष्य मिला था। सीरीज का दूसरा टेस्ट वानखेड़े स्टेडियम में 3 दिसंबर से खेला जाएगा।

स्पिनरों के लिए स्वर्ग पिच पर कीवी टीम ने 5वें दिन की शुरुआत तो दमदार की, लेकिन जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा भारतीय गेंदबाजों ने विकेट चटकाते हुए मेहमानों पर जबरदस्त दबाव बनाया। हालांकि, अचिन रविंद्र ने एजाज के साथ मोर्चा संभाला भारतीय गेंदबाजों की मेहनत पर पानी फेर दिया। न्यूजीलैंड जब मैच ड्रॉ की घोषणा हुई तो उसने 98 ओवरों में 9 विकेट पर 165 रन बनाए थे।




अश्विन और जडेजा के अलावा अक्षर पटेल और उमेश यादव ने एक-एक विकेट झटके, जबकि न्यूजीलैंड के लिए टॉम लाथम ने सबसे अधिक 52 रन की पारी खेली। उनके अलावा नाइटवॉचमैन विलियम समरविले ने 36 और कप्तान केन विलियमसन ने 24 रन बनाए। मैच बचाने वाले अचिन ने नाबाद 18 रन की पारी खेली। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों का सामना टिककर नहीं कर सका।

पहले सत्र में विल समरविले और टॉम लाथम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी लेकिन दूसरा सत्र भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा जिन्होंने तीन विकेट चटकाये। उमेश यादव ने लंच के ठीक बाद समरविले को शॉर्ट गेंद पर आउट किया जिन्होंने 110 गेंद में 36 रन बनाये। शुभमन गिल ने लॉन्ग लेग सीमा पर उनका कैच लपका। विलियमसन पहली पारी की तुलना में आत्मविश्वास से भरे दिखे जिन्होंने ईशांत शर्मा को चौका भी जड़ा। ईशांत का फॉर्म फिर निराशाजनक रहा।

रोस टेलर को चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने आउट किया। टॉम लाथम (146 गेंद में 52 रन) ने एक और अर्धशतक बनाया जो अश्विन की गेंद पर आउट हुए। इसके साथ ही अश्विन 418 विकेट हो गए, जिन्होंने हरभजन को पछाड़ा। हरभजन के 103 टेस्ट में 417 विकेट हैं। अश्विन टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अब तीसरे भारतीय हो गए हैं। सुबह भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई मदद नहीं मिली।

# कोई भी टीम में आए, श्रेयस अय्यर बाहर नहीं जाने वाले: आकाश चोपड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने आकाश चोपड़ा ने कानपुर टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले श्रेयस अय्यर की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि मुंबई टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम कुछ बदलाव करेगी लेकिन अय्यर को ड्रॉप किया जाए, इसकी संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा कि अपने खेल से अय्यर अपनी जगह पक्की कर ली है और वह अगले टेस्ट मैच में भी खेलेंगे।

अय्यर ने कानपुर में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की। अपनी पहली ही टेस्ट पारी में उन्होंने सेंचुरी लगाई और दूसरी पारी में हाफ सेंचुरी जड़ दी। मुंबई टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम कुछ बदलाव करेगी

चोपड़ा के मुताबिक, अगर दूसरी पारी में अय्यर जल्दी आउट हो जाते तो मैच कीवी टीम की ओर झुक जाता। उन्होंने टी-ब्रेक के दौरान स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, अगर अय्यर दूसरी पारी में उस समय आउट हो जाते तो मैच में न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी हो जाता। लेकिन अय्यर वहां टिके रहे और जिस तरह उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया, तो अब अगले टेस्ट मैच में उन्हें ड्रॉप करना लगभग असंभव है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि टीम में कौन आ रहा है। कोई न कोई तो बाहर जाएगा, लेकिन यह अय्यर नहीं होंगे। अय्यर ने हालांकि पहली पारी में सेंचुरी लगाई। लेकिन उनकी हाफ सेंचुरी की ज्यादा तारीफ की जा रही है। भारतीय टीम ने जल्दी विकेट खो दिए थे ऐसे में अय्यर ने पारी को संभाला और साझेदारी बनाई। उन्होंने 65 रन की पारी खेली। चोपड़ा ने भी माना कि दूसरी पारी में अय्यर की पारी ज्यादा चुनौतीपूर्ण थी।

उन्होंने कहा, अय्यर पहले खिलाड़ी बने जिन्होंने डेब्यू पर सेंचुरी और हाफ सेंचुरी लगाई। उनकी पहली पारी कमाल की थी क्योंकि वह डेब्यू कर रहे थे और थोड़ा नर्वस रहे होंगे। किसी ने उन्हें देखा नहीं था और किसी को इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह टेस्ट मैच में क्या कर सकते हैं। लेकिन दूसरी पारी में, मेरे नजरिए में दूसरी पारी अधिक चुनौतीपूर्ण थी।

## टीमें किसे करेंगी रिटेन, किसकी होगी छुट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आईपीएल 2022 रिटेंशन की समय सीमा मंगलवार (30 नवंबर) को समाप्त हो रही है। इसका मतलब है कि रिटेन होने वाले प्लेयर्स की लिस्ट आने में अब गिनती के घंटे बचे हुए हैं। 8 टीमें अधिकतक 4-4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं, जबकि इस सीजन से दो अन्य टीमें भी बढ़ेंगी। फैंस की उम्मीदों के मुताबिक बड़े खिलाड़ियों रोहित शर्मा, एमएस धोनी और विराट कोहली को उनकी फ्रेंचाइजियां रिटेन कर सकती हैं। दूसरी ओर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, सुरेश रैना, डेविड वॉर्नर जैसे बड़े खिलाड़ी बार फिर नीलामी में शामिल हो सकते हैं। आईपीएल-2022 मेगा नीलामी की डेट इस रिटेंशन प्रक्रिया के पूरी होने के बाद तय की जाएगी। आइए जानें, कब और कहां प्च् 2022 रिटेंशन होगा और कहां आप इसके बारे में लाइव जानकारी ले पाएंगे। आईपीएल 2022 रिटेंशन भारत में होने वाला है। आईपीएल 2022 रिटेंशन 30 नवंबर को शाम 5 बजे होगा।

## न्यूज डायरी



### टीम इंडिया के लॉर्ड शार्दुल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड से की सगाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने सोमवार को अपनी गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से सगाई कर ली। दोनों लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। सगाई का कार्यक्रम मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स में आयोजित हुआ, जिसमें करीबी रिश्तेदार और परिवार के सदस्य शामिल हुए। सूत्रों की मानें तो सगाई के फंक्शन में लगभग 57 लोग शामिल थे। दोनों साल 2022 में टी20 वर्ल्ड कप के बाद शादी कर सकते हैं। शार्दुल और पारुलकर की सगाई का वीडियो और फोटो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेलने वाले शार्दुल को फ्रेंचाइजी ने फोटो के साथ उन्हें बधाई दी है। सोशल मीडिया पर शार्दुल को बधाई देने वालों को तांता लगा हुआ है। शार्दुल आखिरी बार क्रिकेट के मैदान पर टी20 वर्ल्ड कप 2021 में नजर आए थे, जिसका आयोजन इस वर्ष संयुक्त अरब अमीरात में हुआ था।

### आस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी का हुआ एक्सीडेंट, 15 मीटर तक फिसली बाइक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। आस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिन गेंदबाज शेन वार्न रविवार को एक बाइक दुर्घटना में कथित तौर पर घायल हो गए हैं। हालांकि, चोटें गंभीर नहीं हैं और उन्हें एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाया गया। सिडनी मार्निंग हेराल्ड ने न्यूज कार्प के हवाले से सोमवार को कहा गया है कि अपने बेटे जैक्सन के साथ शेन वार्न बाइक राइडिंग कर रहे थे। इस दौरान वे बाइक से गिरे और 15 मीटर से अधिक तक फिसल गए। ऐसे में उनको एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, 52 वर्षीय शेन वार्न गंभीर चोट से बच गए हैं, लेकिन सोमवार की सुबह उठे को उनको काफी दर्द महसूस हुआ था। रिपोर्ट में कहा गया है, इस डर से कि कहीं उनका पैर टूट गया है या उनके कूल्हे को नुकसान पहुंचा है तो ऐसे में फिर से वह एहतियात के तौर पर अस्पताल गए। शेन वार्न ने आस्ट्रेलिया की टीम के लिए 145 टेस्ट मैच खेले हैं और इनमें उन्होंने 708 विकेट अपने नाम किए हैं।

### श्रीलंका की महिला टीम के 6 सदस्य कोरोना संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम से जुड़ी एक बड़ी जानकारी दी है। श्रीलंका क्रिकेट यानी एसएलसी ने रविवार को कहा कि जिम्बाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली श्रीलंका की छह महिला क्रिकेटरों को कोविड -19 टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। हालांकि, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आइसीसी ने इस टूर्नामेंट को फिलहाल के लिए बंद कर दिया है, क्योंकि कई देशों में यात्रा प्रतिबंध लगाए गए हैं। ICC ने दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के एक नए संस्करण की खोज के बाद शनिवार को जिम्बाब्वे में क्वालीफायर को बंद कर दिया था, क्योंकि व्यापक यात्रा प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। हालांकि, अभी यह ज्ञात नहीं है कि श्रीलंका की महिला खिलाड़ियों को कोरना के नए ओमाइक्रोन संस्करण के टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है फिर नहीं।

### आखिरी दिन टीम इंडिया को बदलना पड़ा विकेटकीपर, रिद्धिमान साहा हैं चोटिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। यहां के ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में आखिरी दिन फिर से टीम इंडिया को अपना विकेटकीपर बदलना पड़ा है। विकेटकीपर रिद्धिमान साहा चोटिल हैं और वे आखिरी दिन विकेटकीपर की जिम्मेदारी नहीं संभाल पाएंगे। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआइ ने एलान कर दिया है कि कानपुर टेस्ट मैच के आखिरी दिन श्रीकर भरत विकेटकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगे। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में विकेटकीपिंग करते समय रिद्धिमान साहा की गर्दन में अकड़न महसूस हुई और इसके परिणामस्वरूप वह 5 वें दिन मैदान पर नहीं उतरेंगे। साहा की अनुपस्थिति में श्रीकर भारत विकेटकीपिंग दस्ताने पहनेंगे।